उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,

हरिद्वार–249404

संख्याः– 143/75/डी0आर0(कृ0उ0पशु0)/सेवा–1/2022–23 दिनांकः 04 अक्टूबर, 2024

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कृषि/उद्यान/पशुपालन विभाग हेतु समेकित (समूह–'ग') परीक्षा–2023 के विज्ञापन दिनांक 07 अक्टूबर, 2023 के क्रम में लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) का आयोजन दिनांक 07 जनवरी, 2024 को किया गया। उक्त परीक्षा में अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों के आधार पर निर्मित प्रवीणता सूची दिनांक 14 मार्च, 2024 के अनुक्रम में दिनांक 04 अप्रैल, 2024 से दिनांक 16 अप्रैल, 2024 के मध्य अभिलेख सत्यापन आयोग कार्यालय में आयोजित किया गया।

अभिलेख सत्यापन के क्रम में अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों की सन्निरीक्षा के उपरान्त **कृषि/उद्यान/पशुपालन विभाग हेतु समेकित (समूह–'ग') परीक्षा–2023 के सापेक्ष अनर्हता सूची एवं अभ्यर्थन निरस्त सूची** आयोग की बेवसाइट psc.uk.gov.in पर प्रसारित की गयी है। अनर्हता सूची के संबंध में अनर्ह अभ्यर्थी साक्ष्यों सहित प्रत्यावेदन सचिव, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार–249404 के कार्यालय को **दिनांक 10 अक्टूबर, 2024 (बृहस्पतिवार) के सांय 06:00 बजे तक** व्यक्तिगत रूप से (कार्यालय दिवस सोमवार से शुक्रवार) अथवा डाक/अन्य किसी माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले प्रत्यावेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों को उपरोक्त संबंध में डाक के माध्यम से पृथक से कोई सूचना प्रदान नही की जायेगी।

-Sd/
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।